# सात दिवसीय विशेष शिविर

## शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर

## प्रतिवेदन

**11-12-2021 से 17-12-2021**



# सात दिवसीय विशेष शिविर

**स्थल - ग्राम मेण्ड्राखुर्द, शा. प्रा.शा. मेण्ड्राखुर्द, अम्बिकापुर**

**दिनांक - 11.12.2021 से 17.12.2021 तक**

शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 11.12.2021 से 17.12.2021 तक ग्राम मेण्ड्राखुर्द, विकासखण्ड अम्बिकापुर में आयोजित किया गया। जिसमें 50 एन.एस.एस. छात्रों ने भाग लिया। शिविर में छात्रों द्वारा प्रतिदिवस निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें नरवा, गरवा, घुरवा एवं बारी के थीम पर आधारित विभिन्न गतिविधियों के साथ—साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल शिक्षा, मतदान जागरूकता, बुनियादी साक्षरता, स्वच्छता, पोषण एवं आहार क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन ग्राम पंचायत मेण्ड्राखुर्द में किया गया। जिसका लाभ ग्रामीणजनों को भी प्राप्त हुआ। आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों में ग्रामीण जनों को शामिल कर उन्हे जागरूक किया गया।

डॉ. अनिल सिन्हा, समन्वयक संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, डॉ. एस.एन. पाण्डेय जिला संगठक के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन सफल रहा। प्राचार्य डॉ. ज्योति सिन्हा के निर्देशन तथा डॉ. सुष्मा भगत, डॉ. हाजरा बानो, डॉ. अल्का जैन, डॉ. एजेन टोप्पो, डॉ. विश्वासी एक्का, डॉ. जे.जे. गुप्ता, डॉ. हीरा प्रसाद , श्री संजय जैन, लता जायसवाल एवं श्री राकेश वर्मा का सराहनीय सहयोग रहा। शिविर में विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर बौद्धिक चर्चा भी की गई।

### बौद्धिक चर्चा विवरण

| क्र. | दिनांक | आमंत्रित | विषय |
|---|---|---|---|
| 1 | 12.12.2021 | **डॉ. मृदुला सिंह**<br>प्राध्यापक, हॉली क्रास वूमेन्स कालेज अम्बिकापुर | स्वच्छता एवं शिक्षा |
| 2 | 13.12.2021 | **श्री गिरीश गुप्ता**<br>नोडल अधिकारी, स्वीप सरगुजा एवं<br>जिला परियोजना अधिकारी, जि.लो.समिति सरगुजा | मतदान जागरूकता<br>एवं<br>साक्षरता |
| | | **श्री एम. सिद्धकी**<br>जन शिक्षण संस्थान, सरगुजा | कौशल विकास |
| 3 | 14.12.2021 | **डॉ0 एजेन टोप्पो**<br>प्राध्यापक, शास.रा.दे.कन्या महाविद्यालय अम्बिकापुर | नरवा,गरवा,घुरवा एवं बारी<br>ग्रामीण कार्य में सहयोग |
| 4 | 15.12.2021 | **डॉ. सुमन सिंह**<br>शासकीय चिकित्सालय अम्बिकापुर | आहार एवं पोषण |
| 5 | 16.12.2021 | **डॉ. राकेश वर्मा**<br>प्राध्यापक, शास.रा.दे.कन्या महाविद्यालय अम्बिकापुर | सोशल मिडिया का उपयोग |
| 6 | 17.12.2021 | **डॉ. तारा सिंह**<br>प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेण्ड्राखुर्द, अम्बिकाकपुर | स्वास्थ्य एवं कोविड<br>जागरूकता |

# प्रथम दिवस 11.12.2021

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के प्रथम दिवस में शिविर का उद्घाटन ग्राम पंचायत मेण्ड्राखुर्द के सरपंच बुंदेला राम के मुख्य आतिथ्य एवं सचिव सुनील विश्वास के विशिष्ट आतिथ्य तथा प्राचार्य डॉ. ज्योति सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीण, एन.एस.एस. छात्र एवं गर्ल्स कालेज के प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे।






। विद्या ददाति विनयं। । विनयाद् याति पात्रताम्।

**आमंत्रण-पत्र**

मान्यवर,

आपको आमंत्रित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 11-12-2021 से 17-12-2021 तक ग्राम मेण्ड्राखुर्द, अम्बिकापुर में आयोजित किया गया है।

-: उद्घाटन कार्यक्रम :-

दिनांक 11.12.2021, समय- दोपहर 2.30 बजे

**मुख्य अतिथि**

बुन्देला राम
सरपंच
ग्राम-मेण्ड्राखुर्द

**विशिष्ट अतिथि**

सुनिल विश्वास
सचिव
ग्राम-मेण्ड्राखुर्द

**अध्यक्षता**

डॉ. ज्योति सिन्हा
प्राचार्य
शास. रा. देवी कन्या स्नातकोत्तर महा., अम्बिकापुर











# उद्घाटन सत्र में उपस्थित अतिथिगण













# शिविर स्थल ग्राम पंचायत परिसर की सफाई

एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के द्वारा शिविर केन्द्र ग्राम पंचायत परिसर की साफ–सफाई की गई।








# द्वितीय दिवस 12.12.2021

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित विशेष शिविर के द्वितीय दिवस में बौद्धिक चर्चा हेतु डॉ. मृदुला सिंह, प्राध्यापक हॉली क्रास वूमेन्स कॉलेज अम्बिकापुर द्वारा स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर चर्चा की गई व विस्तृत जानकारी छात्रों व ग्रामीणजनों में मध्य दिया गया।



















# खेलकूद एवं ग्राम भ्रमण

**स्वयंसेवी छात्रों के द्वारा स्थानीय ग्रामीण बच्चों को खेल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से खेल का अभ्यास कराया गया**






**एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम भ्रमण किया गया। तथा लोगों को नारे के माध्यम से स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया**





# सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम

शिविर में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के द्वारा रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षाप्रद नाटक का प्रदर्शन किया गया। ग्रामीण जन व बच्चे भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।









# ग्रामीण क्षेत्र में साफ-सफाई

**स्वयंसेवकों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर उनके कार्यो में सहयोग किया गया व साफ–सफाई भी की गई।**










## स्वयंसेवकों द्वारा भोजन






# तृतीय दिवस 13.12.2021

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित विशेष शिविर के तृतीय दिवस में बौद्धिक चर्चा हेतु श्री गिरीश गुप्ता, नोडल अधिकारी स्वीप एवं जिला परियोजना अधिकारी, जिला लोक शिक्षा समिति सरगुजा द्वारा मतदान जागरूकता विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। नये मतदाताओं को जोड़ने व सभी को अपने मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही स्वयंसेवकों को मतदातओं को मतदान के प्रति जागरूक करने की अपील भी की गई। साथ ही ग्रामीण जनों में बुनियादी साक्षरता का ज्ञान कराने के लिए स्वयंसेवकों को भी अपील करते हुए इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करने हेतु कहा गया।

निदेशक, जनशिक्षण संस्थान सरगुजा श्री एम. सिद्धकी द्वारा कौशल विकास के संबंध में जानकारी दी गई। कौशल विकास हेतु आवेदन करने व नये कौशल सीखने की प्रक्रियाओं एवं एजेंसियों के सबंध में विस्तृत जानकारी स्वयंसेवकों को दी गई साथ ही अन्य ग्रामीण जनों को भी इसका लाभ दिलाने के संबंध में जागरूक करने की अपील की गई।











# ग्राम पंचायत भवन व स्कूल परिसर की सफाई एवं सौन्दर्यीकरण

ग्राम पंचायत भवन व स्कूल परिसर की साफ–सफाई एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य स्वयंसेवकों के द्वारा किया गया।



# चतुर्थ दिवस 14.12.2021

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस में बौद्धिक चर्चा हेतु डॉ0 एजेन टोप्पो, प्राध्यापक, शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर द्वारा नरवा,गरवा,घुरवा एवं बारी ग्रामीण कार्य में सहयोग विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। छ.ग. शासन की इस महत्वकांक्षी योजना से लोगों को जोड़ने एवं इस योजना का लाभ उठाने हेतु ग्रामीणों को जागरूक किया गया।











# योगाभ्यास






# ग्राम सर्वे

**स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम सर्वे के माध्यम से लोगों को कोविड जागरूकता, बुनियादी साक्षरता एवं कौशल विकास के संबंध में जागरुक किया गया।**






## ग्राम भ्रमण

ग्रामीण स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही गली मुहल्लों की साफ–सफाई का कार्य भी स्वयंसेवकों के द्वारा की गई।










## ग्राम के गली-मुहल्लो, सड़कों की साफ सफाई

ग्राम स्तरीय गली मुहल्लों, चौक चौराहो एवं सड़कों के किनारे की साफ–सफाई की गई। साथ ही ग्रामीण को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक करने का प्रयास किया गया।











# साफ-सफाई एवं पुताई कार्य

ग्राम पंचायत परिसर की साफ–सफाई के साथ–साथ पुताई का कार्य भी स्वयंसेवकों के द्वारा किया गया।









# सांस्कृतिक कार्यक्रम

रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत छात्रों द्वारा नाटक एवं नृत्य का प्रदर्शन किया गया।








# नवाचार अंतर्गत मेन्डू का निर्माण

नवाचार गतिविधि अंतर्गत डॉ0 एजेन टोप्पो प्राध्यापक गर्ल्स कालेज अम्बिकापुर के निर्देशन में स्वयंसेवकों के द्वारा स्थानीय पैरा सामग्री के द्वारा मेन्डू निर्माण कार्य की सीख ली गई। जिसका प्रयोग ग्रामीण स्तर पर घरों में बहुपयोगी होता है।







# पंचम दिवस 15.12.2021

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित विशेष शिविर के पंचम दिवस में बौद्धिक चर्चा हेतु डॉ0 सुमन सिंह, शासकीय चिकित्सालय अम्बिकापुर द्वारा आहार एवं पोषण पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ0 सिंह द्वारा संतुलित आहार एवं पोषक आहार लेने के लिए सचेत रहने की सीख दी गई।














# योगाभ्यास एवं साफ-सफाई

















# रचनात्मक कार्य

शिविर में स्वयंसेवकों के द्वारा पेड़ के पत्तों से माला एवं सजावट की अन्य वस्तुओं का निर्माण किया गया। जिसे शिविर में सजावट के लिए भी उपयोग में लाया गया।

















# सांस्कृतिक कार्यक्रम

सांस्कृतिक कार्यक्रम का अपना विशेष महत्व होता है। शिविर में प्रतिदिवस स्वयंसेवकों के द्वारा शिक्षा प्रद विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें नाटक, नृत्य व गीत विधा सम्मिलित रहा।





# षष्ठम दिवस 16.12.2021

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित विशेष शिविर के षष्ठम दिवस में बौद्धिक चर्चा हेतु डॉ. राकेश वर्मा, प्राध्यापक, शास.रा.दे.कन्या महाविद्यालय अम्बिकापुर द्वारा सोशल मिडिया की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। सोशल मिडिया के माध्यम से सूचनाओं व जानकारियों के आदान–प्रदान की उपयोगिता व जानकारियों की खोज के संबंध में चर्चा की गई। जिससे स्वयंसेवक व ग्रामीणजन लाभान्वित हुए।









## स्वयंसेवको के द्वारा झाड़ू का निर्माण






## आकर्षक कलाकृतियों के माध्यम से सौन्दर्यीकरण






# राज्य स्तरीय दल का निरीक्षण

राज्य स्तरीय एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. समरेन्द्र सिंह एवं जिला संगठक डॉ. एस.एन. पाण्डेय द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया।

















# डॉ. अनिल सिन्हा एन.एस.एस. समन्वयक, संत गहिरा गुरू विंवविद्यालय सरगुजा द्वारा निरीक्षण एवं प्रमाण पत्र वितरण

















# महाविद्यालयीन कर्मचारी अधिकारियों द्वारा अवलोकन भ्रमण

शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर के कर्मचारी व अधिकारियों द्वारा शिविर स्थल का भ्रमण किया गया।







# सप्तम दिवस 17.12.2021

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित विशेष शिविर के अंतिम दिवस स्वास्थ्य एवं कोविड जागरूकता के संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेण्ड्राखुर्द अम्बिकापुर के डॉ. तारा सिंह द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। स्वास्थ्य की महत्ता और वर्तमान में चल रहे कोविड महामारी के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु स्वयंसेवकों को प्रेरित किया गया। स्थानीय ग्रामीणों को भी इस विषय के प्रति जागरूक किया गया।














# साफ सफाई कार्य

शिविर के अंतिम दिवस स्वयंसेवकों के द्वारा परिसर की साफ–सफाई की गई। साथ ही परिसर में बागवानी एवं पौधे रोपित योग्य भूमि का निर्माण भी किया गया।














# प्राथमिक शाला के बच्चों को शिक्षा व स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी

एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के द्वारा प्राथमिक शाला मेण्ड्राखुर्द के बच्चों को शिक्षा एवं स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। विभिन्न महापुरूषों एवं वैज्ञानिकों का उदाहरण देते हुए बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया। तथा नियमित रूप से अध्यापन करने व नियमित शाला आने को कहा गया। बच्चों को मिठाई भी प्रदाय किया गया।











# शिविर केन्द्र से प्रस्थान









# समाचार पत्र में प्रकाशित

गए। इनकी आयु आठ, बारह और चौदह अपराध दर्ज कर लिया गया है।

22/12/2021 नई दुनिया

## स्वच्छता और नशामुक्ति के लिए चलाया अभियान




अतिथियों का स्वागत करती एवं सफाई कार्य में जुटी रासेयो छात्राएं

**अंबिकापुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोतर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर का समापन मेंड्राखुर्द में हुआ। 11 से 17 दिसंबर तक मेंड्राखुर्द में आयोजित विशेष शिविर का थीम ''ग्रामीण विकास के लिए युवा नरवा, गरबा, घुरूवा एवं बाड़ी विषय पर स्वयं सेवकों ने पूरी लगन एवं रूचि के साथ कार्य किया। स्वयं सेवकों ने मतदान जागरूकता, कोरोना टीका अभियान एवं नशामुक्ति अभियान पर रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया।

पूरे शिविर के दौरान स्वच्छता पर कार्य किया एवं प्लास्टिक कचरे की सफाई की गई। शिविर का आकस्मिक निरीक्षण राज्य स्तरीय एनएसएस अधिकारी डा. समरेन्द्र सिंह एवं जिला संगठक डा. एसएन पांडेय द्वारा किया गया। उन्होंने स्वच्छता एवं बालिका शिक्षा पर विशेष बल दिया। शिविर में प्रथम दिवस से अंतिम दिवस तक महाविद्यालय प्राचार्य डा. ज्योति सिन्हा एवं डा. एजेन टोप्पो उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन में विश्वविद्यालय समन्वयक डा. अनिल सिन्हा, प्राचार्य डा. ज्योति सिन्हा, डा. सुषमा भगत, डा. हाजरा बानो, डा. अलका जैन, डा. एजेन टोप्पो, डा. विश्वासी एक्का, जेजे गुप्ता, डा. हीरा प्रसाद यादव, संजय कुमार जैन, लता जायसवाल, राकेश वर्मा सक्रिय रहे। कार्यक्रम अधिकारी ममता दिव्य के नेतृत्व में शिविर के दौरान विविध आयोजन संपन्न हुए।

---

संत सिंह, प्रेम गुप्ता, अरविंद ..., उपस्थित थे। ... परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

22/12/2021 हरिभूमि

## कन्या महाविद्यालय का सात दिवसीय रासेयो शिविर

**अंबिकापुर।** शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का समापन मेंड्राखुर्द में किया गया। 11 से 17 दिसम्बर तक चले शिविर की थीम ग्रामीण विकास के लिए युवा, नरवा, गरुआ, घुरुआ, बाड़ी विषय पर निर्धारित की गई थी। शिविर में स्वयं सेवकों पूरी लगन एवं रूचि के साथ कार्य किया। वहीं स्वयं सेवकों ने जागरूकता के रूप में विभिन्न विषयों में मतदान जागरूकता, कोरोना टीकाकरण अभियान एवं नशामुक्ति अभियान पर रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। शिविर के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। शिविर का निरीक्षण राज्य स्तरीय एनएसएस अधिकारी डॉ. समरेन्द्र सिंह एवं जिला संगठक डॉ. एसएन पांडेय द्वारा किया गया। शिविर में प्राचार्य डॉ. ज्योति सिन्हा, विवि समन्वयक डॉ. अनिल सिन्हा, डॉ. सुषमा भगत, डॉ. हाजरा बानो, श्रीमती ममता दिव्य, डॉ. अलका जैन, डॉ. एजेन टोप्पो, डॉ. विश्वासी एक्का, श्रीमती जेजे गुप्ता, डॉ. हीरा प्रसाद यादव, संजय कुमार जैन, लता जायसवाल, राकेश वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



---

**नवभारत**

**फास्ट फारवर्ड**

### रासेयो स्वयं सेवकों ने चलाया स्वच्छता व नशामुक्ति अभियान

**अम्बिकापुर.** शासकीय कन्या स्नाकोत्तर महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा ग्राम मेण्ड्राखुर्द में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन किया गया. ग्रामीण क्षेत्र में विकास के लिए युवाओं का योगदान विषय पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. स्वयं सेवकों द्वारा ग्रामीणों को कोरोना टीकाकरण के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्ति अभियान रैली भी निकाली गई एवं साफ सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता की सीख दी गई. इस दौरान रासेयो अधिकारी डॉ. समरेन्द्र सिंह, जिला संगठक डॉ. एसएन पाण्डेय, प्राचार्या डॉ. ज्योति सिन्हा, डॉ. एजेंड टोप्पो, डॉ. हीरा प्रसाद यादव, कार्यक्रम अधिकारी ममता दिव्य सहित महाविद्यालय के अन्य स्टाफ व स्वयं सेवक उपस्थित थे.

### हर बूथ में युवाओं की टोली बना निभाएंगे अग्रणी भूमिका



**अम्बिकापुर.** भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विश्व

---

कहा गया लेकिन वे कोई दस्तावेज करौंधा से लगे ग्राम चम्पा निवासी

22/12/2021 पत्रिका

## नशामुक्ति अभियान पर रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को किया गया जागरूक



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**अंबिकापुर.** शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोतर महाविद्यालय अम्बिकापुर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ। 11 से 17 दिसंबर तक मेन्ड्रा खुर्द अम्बिकापुर में शिविर का आयोजन किया गया था। विशेष शिविर का थीम ग्रामीण विकास के लिए नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी विषय पर स्वयं सेवकों ने पूरी लगन एवं रूचि के साथ कार्य किया। इसके साथ ही स्वयं सेवकों ने जागरूकता के रूप में विभिन्न विषयों में जैसे मतदान जागरूक्ता, कोरोना टीका अभियान एवं नशामुक्ति अभियान पर रैली एवं नक्कड नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। पूरे शिविर के दौरान स्वच्छता पर कार्य किया एवं प्लॉस्टिक एकत्र किया गया। शिविर में आकस्मिक निरीक्षण राज्य स्तरीय एनएसएस अधिकारी डॉ. समरेन्द्र सिंह एवं जिला संगठक डॉ. एसएन पाण्डेय द्वारा किया गया। उनके उदबोधन में स्वच्छता पर एवं बालिका शिक्षा पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम प्रथम दिवस से अंतिम दिवस से प्रत्येक दिन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्योति सिन्हा एवं डॉ. एजेन टोप्पो व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन में विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. अनिल सिन्हा, डॉ. प्राचार्य डॉ. ज्योति सिन्हा, डॉ. सुषमा भगत, डॉ. हाजरा बानो, डॉ. अलका जैन, डॉ. एजेन टोप्पो, डॉ. विश्वासी एक्का, जेजे गुप्ता, डॉ. हीरा प्रसाद यादव, संजय कुमार जैन, लता जायसवाल, राकेश वर्मा उपस्थित रहे। साथ ही समस्त स्टाफ द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक कार्य किया गया।

---

स्थानीय हाट बाजार सावता, कामना, सनमुन्ना, रूपना ...कना, धौरपुर, राजपुर में व हीरामणि शामिल है।

22/12/2021 दैनिक भास्कर

## एनएसएस के 7 दिवसीय विशेष शिविर का समापन



**अंबिकापुर।** शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 7 दिवसीय शिविर का समापन हुआ। इस विशेष शिविर की थीम ग्रामीण विकास के लिए युवा, नरवा गरवा घुरवा और बाड़ी रखी गई। इसमें रासेयो स्वयंसेवकों ने जागरूकता अभियान के रूप में मतदान जागरूकता, कोरोना टीकाकरण, नशामुक्ति विषय पर नुक्कड़ नाटक व रैली का आयोजन किया। वहीं शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान के तहत प्लास्टिक एकत्र किया गया। शिविर का निरीक्षण राज्य स्तरीय एनएसएस अधिकारी डॉ. समरेंद्र सिंह व जिला संगठक डॉ. एसएन पांडेय ने किया। इस दौरान प्राचार्य ज्योति सिन्हा, एजेन टोप्पो, अनिल सिन्हा, सुषमा भगत, हाजरा बानो, अलका जैन, विश्वासी एक्का, जेजे गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर

राष्ट्रीय सेवा योजना

NATIONAL SERVICE SCHEME

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय